EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् Connecting. Empowering. Transforming | EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

# प्रेस विज्ञप्ति

# सोर्सिंग एट मैजिक 2026, लास वेगास में ईपीसीएच ने भारत के हस्तनिर्मित फैशन एवं लाइफस्टाइल उत्पादों को किया प्रदर्शित

उत्तर अमेरिका के प्रमुख सोर्सिंग मंच पर भारतीय हस्तशिल्प, फैशन एक्सेसरीज और शिल्प के लाइव प्रदर्शन ने वैश्विक खरीदारों को किया आकर्षित

**दिल्ली/एनसीआर, 11 अगस्त 2026**: अमेरिका के लास वेगास में "सोर्सिंग एट मैजिक 2026" का शुभारंभ हुआ, जो 12 अगस्त 2026 आयोजित होगा। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच), भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहयोग से, सोर्सिंग एट मैजिक 2026 में भारत के हस्तनिर्मित फैशन, लाइफस्टाइल और एक्सेसरीज उत्पादों की विविध श्रृंखला प्रदर्शित कर रही है।

इंडिया पवेलियन का उद्घाटन श्री कुलवंत सिंह, कौंसल–एचओसी एवं कम्युनिटी अफेयर्स, भारत के महावाणिज्य दूतावास, लॉस एंजिल्स, अमेरिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. ए. शक्तिवेल, अध्यक्ष-एईपीसी; श्री संजीव कुमार शर्मा, कार्यकारी निदेशक, आईएसईपीसी; इनफॉर्मा के अधिकारी; भाग लेने वाले सदस्य प्रदर्शक और व्यापार आगंतुक लास वेगास कन्वेंशन सेंटर, लास वेगास भी उपस्थित रहे।

श्री कुलवंत सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ ईपीसीएच इंडिया पवेलियन का दौरा किया और भाग लेने वाले निर्यातकों एवं मास्टर शिल्पकारों से बातचीत की। उन्होंने प्रदर्शित भारतीय उत्पादों की विविधता के साथ-साथ भारत की समृद्ध शिल्प परंपराओं और कौशल को प्रस्तुत करने वाले लाइव प्रदर्शनों की सराहना की।

**डॉ. नीरज खन्ना, अध्यक्ष, ईपीसीएच ने कहा**, "संयुक्त राज्य अमेरिका भारतीय हस्तशिल्प, लाइफस्टाइल और फैशन एक्सेसरीज के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। सोर्सिंग एट मैजिक में हमारी भागीदारी भारतीय निर्यातकों और कारीगरों को वैश्विक खरीदारों, रिटेलर्स और सोर्सिंग प्रोफेशनल्स के समक्ष भारत के विविध उत्पादों, शिल्प कौशल, सस्टेनेबिलिटी और डिजाइन क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करती है।"

**डॉ. खन्ना** ने आगे कहा, "वैश्विक फैशन और लाइफस्टाइल उद्योग में ऐसे उत्पादों की मांग लगातार बढ़ रही है, जिनमें आधुनिक डिजाइन के साथ प्रामाणिकता, शिल्प कौशल, जिम्मेदार उत्पादन और उत्पाद की विशिष्ट पहचान जुड़ी हो। इस क्षेत्र में भारत को स्वाभाविक बढ़त हासिल है। सोर्सिंग एट मैजिक जैसे मंचों के माध्यम से हमारा

प्रयास भारत को एक विश्वसनीय सोर्सिंग गंतव्य के रूप में और मजबूत करना तथा देश के विभिन्न शिल्प क्लस्टरों के निर्यातकों, एमएसएमई और कारीगरों के लिए निरंतर व्यावसायिक अवसर सृजित करना है।”

**श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच** ने कहा, “सोर्सिंग एट मैजिक अमेरिका और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों के खरीदारों, सोर्सिंग प्रोफेशनल्स, ब्रांड्स और रिटेलर्स को एक मंच पर लाता है। ईपीसीएच की भागीदारी का उद्देश्य इस वैश्विक अवसर को हमारे सदस्य निर्यातकों के लिए सार्थक व्यावसायिक संपर्कों में बदलना है और साथ ही अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष भारतीय कारीगरों के कौशल एवं शिल्पकारी को प्रस्तुत करना है।”

**श्री रावत** ने आगे कहा, “इस संस्करण में ईपीसीएच के 6 सदस्य निर्यातक भाग ले रहे हैं और हस्तनिर्मित परिधान, लेदर बैग एवं एक्सेसरीज, लेदर बेल्ट, वॉलेट, लेदर गारमेंट्स एवं जैकेट, रिसाइकिल्ड गारमेंट्स तथा अन्य फैशन और लाइफस्टाइल उत्पाद प्रदर्शित कर रहे हैं। भारतीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए ईपीसीएच ने एक विशेष थीमैटिक डिस्प्ले भी स्थापित किया है, जहां मास्टर शिल्पकारों/कारीगरों द्वारा पारंपरिक भारतीय शिल्पों का लाइव प्रदर्शन किया जा रहा है। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा कच्छ, गुजरात से अजरख हैंड ब्लॉक प्रिंटिंग; जयपुर, राजस्थान से मिनिएचर पेंटिंग और पंजाब से फुलकारी शिल्प के मास्टर शिल्पकारों/कारीगरों को प्रतिनियुक्त किया गया है।”

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) देश से हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने वाली एक नोडल संस्था है। परिषद देश के विभिन्न शिल्प क्लस्टरों में होम, लाइफस्टाइल, टेक्सटाइल्स, फर्नीचर तथा फैशन ज्वेलरी एवं एक्सेसरीज उत्पादों के निर्माण में लगे लाखों शिल्पकारों के कुशल हाथों से निर्मित उत्पादों की वैश्विक ब्रांड छवि बनाने के लिए कार्यरत है। वर्ष 2025-26 के दौरान भारत का कुल हस्तशिल्प निर्यात 33,168 करोड़ रुपये (3,754 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, जबकि अमेरिका को हस्तशिल्प निर्यात 12,491 करोड़ रुपये (1,413 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा, श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक, ईपीसीएच ने जानकारी दी।

---

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**

श्री राजेश रावत, कार्यकारी निदेशक – ईपीसीएच
+91-9810423612

EPCH हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद् Connecting. Empowering. Transforming. | EXPORT PROMOTION COUNCIL FOR HANDICRAFTS

CIN: U20299DL 1986NPL023253 | GST NO. 07AAACE1747M1ZJ

**PRESS RELEASE**

**EPCH SHOWCASES INDIA'S HANDCRAFTED FASHION & LIFESTYLE STRENGTH AT SOURCING AT MAGIC 2026, LAS VEGAS**

Indian handicrafts, fashion accessories and live craft demonstrations connect with global buyers at North America's leading sourcing platform

**Delhi/NCR – 11th August'2026 –** "Sourcing at Magic", 2026 got underway at Las Vegas, USA and will conclude on 12th August' 2025. The Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH), with the support of the Office of the Development Commissioner (Handicrafts), Ministry of Textiles, Government of India, is showcasing India's diverse range of handcrafted fashion, lifestyle and accessories at Sourcing at Magic 2026.

The India Pavilion got inaugurated by Mr. Kulwant Singh, Consul – HoC & Community Affairs, Consulate General of India, Los Angeles, USA in the presence of Dr. A. Shakthivel, Chairman-AEPC; Mr. Sanjeev Kr. Sharma, Executive Director, ISEPC; officials of Informa; participating member exhibitors and trade visitors at Las Vegas Convention Centre, Las Vegas, USA.

Mr. Kulwant Singh, Consul – HoC & Community Affairs, Consulate General of India, Los Angeles along with the other officials visited EPCH India pavilion and interacted with participating exporters and Master Craftspersons. He appreciated the range of Indian products on display as well as the live demonstrations showcasing India's rich craft traditions and skills.

Dr. Neeraj Khanna, Chairman, EPCH, said, "The United States continues to be one of the most important markets for Indian handicrafts, lifestyle and fashion accessories. Our participation at Sourcing at Magic provides Indian exporters and artisans with a strong international platform to showcase the diversity, craftsmanship, sustainability and design capabilities of India before global buyers, retailers and sourcing professionals."

Dr. Khanna further said, "The global fashion and lifestyle industry is increasingly looking for products that combine contemporary design with authenticity, craftsmanship, responsible production, distinctive product stories and India has a natural advantage in this space. Through platforms such as Sourcing at Magic, our endeavour is to strengthen India's positioning as a reliable sourcing destination and create sustained business opportunities for exporters, MSMEs and artisans across the country's craft clusters."

Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH, said, "Sourcing at Magic brings together buyers, sourcing professionals, brands and retailers from the United States and several other international markets. EPCH's participation is focused on converting this global exposure into meaningful business linkages for our member exporters while simultaneously presenting the skill and craftsmanship of Indian artisans to an international audience."

Shri Rawat further said, "in this edition, 6 member exporters are participating and showcasing handmade attires, leather bags and accessories, leather belts, wallets, leather garments and jackets, recycled garments and other fashion and lifestyle products. To promote Indian Handicrafts, EPCH has setup Thematic Display with live demonstration of Indian Traditional Crafts by Master Craftspersons / Artisans. The office of

Development Commissioner [Handicrafts], Ministry of Textiles, Govt. of India has deputed Master Craftspersons/ Artisans of Ajrakh Hand Block Printing from Kutch, Gujarat; Miniature Painting from Jaipur, Rajasthan; and Phulkari from Punjab.

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institute for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of craftspersons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2025-26 was Rs. 33,168 Crores (US $ 3,754 Million) and export to USA Rs. 12,491 crores (US $ 1,413 Million) informed by Shri Rajesh Rawat, Executive Director, EPCH.

---

**For more information please contact:**
Mr. Rajesh Rawat, Executive Director – EPCH
+91-9810423612

Encl: Hindi, English version and photos




**Photo 1:** EPCH India Pavilion was inaugurated by Mr. Kulwant Singh, Consul – HoC & Community Affairs, Consulate General of India, Los Angeles, USA alongwith eminent member exporters and trade visitors at EPCH India Pavilion in Sourcing at Magic, Las Vegas, USA.




**Photo 2:** Mr. Kulwant Singh, Consul – HoC & Community Affairs, Consulate General of India, Los Angeles, USA interacting with participants at EPCH India pavilion during Sourcing at Magic, Las Vegas, USA.